# ज़ुल्म के ख़िलाफ़ आवाज़

Postal Regd. No.:MNW/308/2016-

वर्ष : ०४ ● अंक : ५२ ● मुंबई, शुक्रवार, ३० नवंबर से ६ दिसंबर २०१८ RNI No. : MAHHIN/2014/59999 ● पृष्ठ : ४ ● मूल्य : २/- रुपये


## वाहिद अकबर पठान बने आयरनमैन

### महाराष्ट्र पुलिस ने मलेशिया में जीता खिताब

**आसिफ खान**

**मुंबई,**यू तो महाराष्ट्र पुलिस हमेशा अपने काम' अपनी मेहनत,व क्राइम पर काबू पाने के लिए मशहूर है अक्सर हम लोगो ने देखा है की अपना घर छोड़ के महाराष्ट्र पुलिस अधिकारी हमेशा हमारी रक्षा करने के लिए २४ घंटे काम करते है सारे त्यौहार में हमारी रक्षा करते है आम जनता के लिए अपने परिवार से दूर रहकर हमारी हिफाज़त करते है ताकि हम सब त्यौहार अच्छे से मना सके रात भर जाग के गश्त (पेट्रोलिंग) करते है ताकि आम आदमी सुकून से सौ सके और शहर में कोई गुनाह ना हो.तरह तरह की तकलीफे उठा के महाराष्ट्र पुलिस हमारी हिफाज़त करती है.आज ऐसे ही महाराष्ट्र पुलिस के एक जा बाज़ पुलिस अधिकारी ने सारी दुंनिया में महाराष्ट्र पुलिस का लोहा मनवाया है ऐसे करने वाले सहायक पुलिस इंस्पेक्टर मुंबई क्राइम ब्रांच विभाग १० के वहीद अकबर पठान है मलेशिया में महाराष्ट्र पुलिस का लोहा मनवाया और बनगए आयरन मैन इससे पहले ये खिताब जीतने वाले महाराष्ट्र पुलिस के दो आई. पी. एस अधिकारी है.

१) वि .वि आई.पी .सुरक्षा विभाग के आई.पी.एस. कृष्ण प्रकाश, अगस्त २०१७ में फ्रांस में हुई आयरनमैन ट्रॉयथलॉन प्रतियोगिता में ३ .८६ किलोमीटर तैराकी, ४२ किलोमीटर की मैराथन और १८० किलोमीटर साइकलिंग बगैर रुके महेज १४ घंटे ८ मिनट में पूरी कर पूरे देश को गौरान्वित कर दिया। आईजी कृष्ण प्रकाश से आयरनमैन बनने के दौरान आईजी कृष्ण प्रकाश ने कुछ कविता लिखी थी

जो हम यहाँ हमारे पाठको को बता रहे है

आईजी कृष्ण प्रकाश ने मैराथन की प्रैक्टिस से कुछ मिनट पहले लिखी थी- ये कविता

थक नहीं सकता अभी, रुक नहीं सकता कभी,
राह मेरी है कठिन, मंज़िल भी दुश्वार है।
मेरे बुलंद मुस्तकबिल की नहीं किसी को खबर,
चले चलो, बढ़े चलो, नगर- नगर, डगर-डगर।
तवील श्किल रास्तों का राही हूं ऐ रहगुजर ,
मुझे न इतना प्यार कर, न मेरा इंतजार कर।
निशां नये सुबह की अभी तलक दिखी नहीं,
जुस्तजू मिली नहीं, अभी कई मकाम और हैं।

जब आईजी कृष्ण प्रकाश तैराकी की प्रैक्टिस करके बाहर निकले, तो खुद की हिम्मत बनाए रखने के लिए उन्होंने फिर एक नई कविता लिखी:

मौज़ों को यार कर लिया हमने
लहरों से प्यार कर लिया हमने




साहिल दूर है मगर, मेरी उल्फत में
दरिया शुमार कर लिया हमने।
सांसों में बजता रहा सागर का सरगम,
आब से पांवों का होता रहा संगम।
बाहें भी करने लगीं अमृत का मंथन
चीरकर समंदर का सीना, मैं बढ़ता रहा मगन।

वह फिर अपनी एक कविता की चार लाइनें सुनाते हैं-

ये जिंदगी इक जंग है, हौसला बनाए रख।
जो रुक गए कहीं ये पाँव, डगमगा गई जो नाँव ,
पांव तू जमाए रख; मांझी ! चप्पू चलाए रख।
अपनी असली ताकत परख, संतुलन बनाए रख।

२) नासिक पुलिस आयुक्त रविंदरकुमार सिंघल ने आयरनमैन ट्रायथलॉन को सफलतापूर्वक पूरा करा था ।इस कार्यक्रम में, जिसमें १८० किमी की दूरी पर साइकिल चलाना शामिल था , लगभग ४ किमी और ४२ किलोमीटर के पूर्ण मैराथन के लिए तैराकी थी , ५३ वर्षीय सिंघल ने १७ घंटे के निर्धारित समय के मुकाबले १५ घंटे और १३ मिनट में ट्रायथलॉन में पूरी कर पूरे देश को गौरान्वित कर दिया।

३) १७ नवंबर को मलेशिया के लंगकावी में आयोजित आयरन मैन स्पर्धा में सहायक पुलिस इंस्पेक्टर मुंबई क्राइम ब्रांच विभाग १० के वहीद अकबर पठान ने प्रतियोगिता में १.३४ मिनट में ३.८ किलोमीटर तैराकी, १८० किलोमीटर साइकिल रेस बगैर रुके महज ७ घंटे २५ मिनट में पूरा की ४२.२ किमी तक की दौड़ ५ घंटे ५९ मिनट में पूरा किया १७ घंटे के निर्धारित समय के मुकाबले को १५ घंटे ०९ मिनट में पूरा कर पूरे देश को गौरान्वित कर दिया। सहायक पुलिस इंस्पेक्टर मुंबई क्राइम ब्रांच विभाग १० के वहीद अकबर पठान ने और बनगए महाराष्ट्र पुलिस विभाग के तीसरे आयरन मैन जिन्हों ने मलेशिया में महाराष्ट्र पुलिस का नाम तीसरी बार रोशन हुआ !

## एनकाउंटर स्पेशलिस्ट्स दया नायक ने २ पेशेवर अपराधी को देसी रिवाल्वर और २ ज़िंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया

**इस्माईल खान**

**मुंबई,** एनकाउंटर स्पेशलिस्ट्स दया नायक को गुप्त जानकारी मिली की २ पेशे वर अपराधी अम्बोली पुलिस स्टेशन की हद में खजूर वाड़ी, नवरत्न होटल, जोगेश्वरी स्टेशन रोड जोगेश्वरी (पश्चिम) मुंबई में आपराधिक घटना को अंजाम देने आने वाले है जानकारी मिलते है मनोज कुमार शर्मा अतिरिक्त आयुक्त पश्चिम क्षेत्र, पुलिस उपआयुक्त परम जीत धैय्या विभाग ९ , पुलिस सहायक आयुक्त राजेंद्र के चौहान अम्बोली पुलिस स्टेशन विभाग,भरत गायकवाड़ वरिष्ठ निरीक्षक अंबोली पुलिस स्टेशन के नेत्रुत्व में एनकाउंटर



स्पेशलिस्ट्स पुलिस निरीक्षक दया नायक, सहायक पुलिस निरीक्षक कापसे के साथ एक दस्ता तैयार कर बताई गई जगह से १) सुनील विनायक कदम, २) वलवन आरमुगम नादर को गिरफ्तार किया गया!

आरोपी की तलाशी ली गई तो आरोपी के पास से देसी रिवाल्वर और ३२ बोर का २ ज़िंदा कारतूस बरामद किया गया !दोनों आरोपी अम्बोली पुलिस स्टेशन में है दोनों आरोपी पे स्पेशल एल. ए. सी. नंबर 205/18 U /S 3 , 25 इंडियन आर्म्स एक्ट के तहत गिरफ्तार किया गया ,गिरफ्तारी के बाद पता चला की दोनों आरोपी पेशेवर अपराधी है आरोपी नंबर १) सुनील विनायक कदम पर डोम्बिवली पुलिस स्टेशन में धरा ३२६ आई.पि.सी. २००६ , मन गांव पुलिस स्टेशन. धारा ३६३ , ३६४ ,३४ आई.पि.सी २०१८ में मामला दर्ज है आरोपी नंबर २) वलवन आरमुगम नादर पर भांडुप पुलिस स्टेशन में धारा ३८४ आई.पि.सी १९९४ ,धारा ३०२ आई.पि.सी १९९५ में मामला दर्ज है ये पेशे वर अपराधी कोई बड़ी घटना को अंजाम देने आए थे वक्त रहते एनकाउंटर स्पेशलिस्ट्स दया नायक ने इनको गिरफ्तार कर लिया और आरोपी के मंसूबो को कामयाब नहीं होने दिया अब एनकाउंटर स्पेशलिस्ट्स दया नायक तहकीकात कर रहे है की ये शातिर अपराधी यहाँ क्यू और किसलिए आए थे.

## होटल में खाने से पहले जांचें अग्नि सुरक्षा

### होटलों का औचक निरीक्षण जारी

**मुंबई :** यदि आप बाहर होटल में खाना खाने जा रहे हैं तो उस होटल की अग्नि सुरक्षा को लेकर सावधान रहें और सुनिश्चित करें कि वह सुरक्षित है। कमला मिल अग्निकांड के बाद फायर ब्रिगेड मोबाइल ऐप के माध्यम से यह जानकारी आपको उपलब्ध कराने की योजना बना रहा है। सब कुछ प्लानिंग के अनुसार रहा तो होटल के काउंटर पर लगे क्यू-आर कोड को स्कैन कर आप उस रेस्तरां की अग्निसुरक्षा के बारे में सभी जानकारियां हासिल कर पाएंगे। एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि होटलों में आग की घटनाओं पर लगाम लगाने और जनता को जागरूक करने के लिए हम यह कदम उठा रहे हैं।

अभी होटलों में जाने पर 'यह होटल अग्नि सुरक्षा के मानकों का पालन करता है' का चिपका बोर्ड आपको दिख जाता है। लेकिन जल्द ही सभी होटलों को क्यू-आर कोड उपलब्ध कराए जाने की संकल्पना है। मोबाइल से फायर ब्रिगेड के ऐप खोलकर इस कोड को स्कैन करते ही आपको होटल की सभी जानकारियां मिल जाएंगी। उदाहरण के तौर पर, होटल को फायर ब्रिगेड की ओर से सुरक्षा में कोताही को लेकर कब नोटिस जारी किए गए/ होटल ने अग्नि सुरक्षा को लेकर क्या-क्या उपाय कब-कब किए हैं। पुरानी उपाय-योजना के बारे में भी जानकारी मिल सकेगी।

गौरतलब है कि कमला मिल अग्निकांड के बाद बीएमसी के ऊपर होटलों की अग्निसुरक्षा चौकस करने की जिम्मेदारी है। इस बीच, 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' के तहत व्यापारियों का काम मुश्किल न बनाने का भी दबाव है। एक अधिकारी ने बताया कि इस तरह की व्यवस्था को शुरू करने के लिए हम निजी क्षेत्र के कुछ लोगों से बातचीत कर रहे हैं। जल्द ही उसके नतीजे सामने होंगे।

अग्नि सुरक्षा को लेकर एक बार अनुमति देने के बाद उसकी जांच भी की जाएगी। इससे होटलों द्वारा सुरक्षा मानक न पाए जाने पर उन्हें नोटिस जारी होगा। बीएमसी के एक अधिकारी ने बताया कि हम होटलों का औचक निरीक्षण कर रहे हैं, जिससे केवल कागजों पर मानक न रहे, उसका अनुपालन भी हो। अग्नि सुरक्षा के लिए नए लाइसेंस देने से पहले उन्हें पूरे नियमों की जांच के बाद ही अनुमति मिलती है। जबकि पहले से दिए गए लाइसेंस वालों की जांच कर उनके द्वारा नियमों के पूरा किए जाने की जांच की जा रही है। गौरतलब है कि मुंबई में २०,००० से ज्यादा दुकानों को इस तरह के लाइसेंस दिए गए हैं।

## २६/११ हमला बरसी: मुंबई में पाक से आए आतंकियों ने खेली थी खून की होली

**शाहीन सय्यद**

**मुंबई :** पैगाम-ए-हक ट्रस्ट, जोगेश्वरी में १०वीं बार मनाई गई २६/११ की बरसी। वहीं एआईएमआईएम पार्टी के कार्यकर्ताओं ने जोगेश्वरी में तीसरी बार मनाई २६/११ की बरसी। मुराद हुसैन (पैगाम-ए-हक ट्रस्ट के अध्यक्ष) हर साल २६/११ को स्थानीय लोगों के साथ शहीदों की याद में श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं।

आज से १० साल पहले, यानि २६ नवंबर २००८ को मुंबई में ऐसा हमाला हुआ था कि उसे यादकर आज भी सबका दिल दहल जाता है। इस हमले में १६६ मासूम लोगों की जानें चली गई और कम से कम ३०८ घायल हो गए। पाकिस्तान के देख रेख में पले एक आतंकी ने मौत का खूनी खेल रचा। ऐसा तांडव रचा था कि चारों तरफ लोग खून से लथपथ जमीन पर अपनी सांसे तोड़ दी।

मुंबई के छत्रपति शिवाजी टर्मिनस पर आतंक के इस खूनी खेल का सबसे खौफनाक मंजर देखने को मिला। इस खूनी खेल में अजमल आमिर कसाब और इनके साथियों ने क्रूरता से यहां अंधाधुंध गोलियां चलाई और जमीन को मासूम लोगों के खून से रंग दिया।

आतंकियों ने मुंबई के प्रमुख स्थलों पर हमला करते हुए होटल ताज को अपने कब्जे में ले लिया था। मुंबई के इस हमले में ६० घंटों तक चले संघर्ष ने पूरी दुनिया को हिलाकर रख दिया था। ६० घंटे चले इस संघर्ष में आतंकियों को पाकिस्तान से दिशा-निर्देश मिल रहे थे।

२६ नवबंर २००८ की रात पाकिस्तान के आतंकी संगठन व१० आतंकवादी कोलाबा के समुद्री तट से एक नाव के जरिए भारत में घुसे। पूरी तरह हथियारों से लैस और वेशभूषा ऐसी कि कोई पहचान नहीं पाए। रिपोर्ट्स के मुताबिक, लोकल मराठी बोलने वाले मछुआरे ने जब उन आतंकवादियों से पूछा कि वो कौन हैं तो उन्होंने उससे अपने काम से काम रखने को कहा और फिर वो १० आतंकी अलग-अलग दिशाओं में बढ़ गए। उस मछुआरे को कुछ गड़बड़ लगी और पुलिस को जानकारी दे दी, लेकिन किसी ने कोई दिलचस्पी नहीं दिखाई,




लोकल पुलिस भी मददगार साबित नहीं हुई।

ये सभी आतंकवादी दो-दो के ग्रुप में बंट गए और अपनी-अपनी दिशा पकड़ ली। इनमें से दो आतंकियों ने दक्षिणी मुंबई के कोलाबा में स्थित लियोपोल्ड कैफे को निशाना बनाया, दो आतंकियों ने नरीमन हाउस, तो वहीं बाकी आतंकी दो-दो की टोली में छत्रपति शिवाजी टरमिनस, होटल ट्राइडेंट ओबरॉय और ताज होटल की तरफ बढ़ गए। इसके बाद सभी आतंकियों ने अपनी अपनी गतिविधियों को अंजाम देना शुरू किया।

इन आतंकियों ने अपनी-अपनी लोकेशन पर घुसते ही फायरिंग और धमाके करने शुरू कर दिए। इनसे निपटने के लिए केंद्र की ओर से २०० एनएसजी कमांडो भेजे गए, सेना के भी ५० कमांडो इस ऑपरेशन में शामिल थे। इसके अलावा सेना की पांच टुकड़ियों को भी वहां भेजा गया।

इस्माइल खान और अजमल कसाब नाम के दो आतंकवादियों ने सीएसटी यानि छत्रपति शिवाजी टरमिनस को निशाना बनाया। ९:३० बजे के आसपास ये दोनो आतंकवादी पैसेंजर हॉल से अंदर घुसे और अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी। इस हमले में ५८ लोग मारे गए जबकि १०४ घायल हो गए। एक रेलवे अनाउंसर ने घोषणा कर वहां से लोगों को निकलने के लिए कहा जिसके चलते कई लोगों की जान बचाई जा सकी।

इस फायरिंग में आतंकियों ने ८ पुलिस अफसरों को मार गिराया। करीब २२:४५ तक यह फायरिंग चली जिसके बाद दोनो आतंकी कामा अस्पताल की तरफ बढ़े। मकसद था मरीजों और अस्पताल के स्टाफ को मारना, लेकिन मरीजों के वार्डों को पहले ही लॉक कर दिया गया।

छत्रपति शिवाजी टरमिनस पर मुंबई एंटी टेरेरिस्ट स्क्वाड के हेमंत करकरे, विजय सालस्कर और अशोक काम्टे ने कमान संभाल ली और दोनो आतंकी अजमल कसाब और इस्माइल खान की तलाश में निकल पड़े। दोनो आतंकियों ने एंटी टेरेरिस्ट स्क्वाड की टीम को देख फायरिंग शुरू कर दी। दोनो तरफ से जोरदार फायरिंग हुई जिसमें हेमंत करकरे, विजय सालस्कर और अशोक काम्टे शहीद हो गए।

ताज होटल में करीब ६ बम धमाके किए गए - इनमें से एक लॉबी में, दो एलिवेटर्स पर, तीन रेस्टोरेंट में और एक ओबरॉय ट्राइडेंट में। पहली ही रात अग्निशमन के अधिकारियों ने करीब २०० बंदी लोगों को वहां से निकाला।

होटल ओबरॉय के ऑपरेशन को ही खत्म करने में तीन दिन लग गए। यह २८ नवंबर की दोपहर को समाप्त हुआ और उसी दिन शाम तक नरीमन हाउस को भी खाली करा दिया गया, लेकिन ताज होटल में चली मुठभेड़ २९ नवंबर की सुबह समाप्त हुई। इसमें ९ आतंकवादियों को मार गिराया गया जबकि अजमल कसाब नाम के एक आतंकी को जिंदा पकड़ लिया गया।

इस हमले का मास्टरमाइंड हाफिज सईद बताया जिसे हाल ही में नजरबंदी से आजाद किया गया है। हालांकि उस वक्त हाफिज सईद ने मुंबई अटैक की पूरी जिम्मेदारी दक्कन मुजाहिदीन संगठन पर डालने की पूरी तैयारी कर ली थी।

## संघर्ष समिति की केडीएमसी को धमकी

**कल्याण:** कल्याण-डोंबिवली महानगरपालिका में सरकार द्वारा शामिल किए गए २७ गांव का रजिस्ट्रेशन इसलिए बंद कर दिया गया है कि यहां अवैध बिल्डिंग बनी है। मनपा के अधिकारियों को संघर्ष समिति ने धमकी दी है कि अगर बिल्डिंग को हाथ लगाया, तो मनपा आयुक्त के कार्यालय में ताला लगा दिया जाएगा। कल्याण-डोंबिवली महानगरपालिका में २७ गांव को शामिल किए जाने के बाद गांववालों ने अलग नगरपालिका की मांग की है। वहीं, संघर्ष समिति के पदाधिकारियों ने सोमवार को आयुक्त से मुलाकात कर कहा कि अवैध निर्माण तोड़ना बंद किया जाए।

## अब वेदरशेड लगाना पड़ेगा महंगा

**ठाणे:** मनपा की अनुमति बिना इमारतों पर बारिश के दौरान शेड लगाने वाले ठाणे शहर के तमाम इमारतों में रहने वालों की अब खैर नहीं। जिन इमारतों में मनपा की अनुमति के बिना शेड लगाया गया है, मनपा उन्हें शीघ्र निकलेगी और १० हजार रुपये दंड वसूल करेगी। बताया गया है कि इसमें ५ हजार रुपये मनपा की मूल फीस है, जो वेदर शेड की अनुमति देने के लिए ली जाती है और ५ हजार दंड की राशि। अगर इमारत या सोसायटी के लोग शेड नहीं निकालते हैं, तो उनसे प्रति माह ५ हजार दंड वसूला जाएगा।

## पत्रकारों का आंदोलन, जिलाधिकारी को ज्ञापन

**ठाणे:** पत्रकारों के लिए मूलभूत अधिकारों की मांग को लेकर सोमवार को ठाणे जिला पत्रकार संघ तथा ठाणे शहर दैनिक पत्रकार संघ के संयुक्त तत्वावधान में ठाणे शहर स्थित सरकारी विश्राम गृह के समक्ष आंदोलन किया गया। इसके बाद पत्रकारों ने अपनी मांगों का एक ज्ञापन जिलाधिकारी राजेश नार्वेकर को सौंपा। पत्रकारों की मांग में पत्रकार सुरक्षा कानून को जल्द अमल में लाने, पेंशन योजना शुरू करने जैसी मांगें शामिल हैं।




# संपादकीय...

## मराठाओं को नौकरी और शिक्षा में १६% आरक्षण देने का विधेयक पास

*मुंबई मराठा समुदाय को आरक्षण देने से संबांधित बहुप्रतीक्षित विधेयक को गुरुवार को महाराष्ट्र विधानमंडल में पास हो गया। महाराष्ट्र सरकार ने बड़ा दांव खेलते हुए मराठाओं को नौकरी और शिक्षा में १६ प्रतिशत आरक्षण देने का प्रस्ताव विधानसभा में रखा था, जिसे दोनों सदनों ने सर्वसम्मति से पारित कर दिया। सरकार अब जल्द ही कानूनी औपचारिकताएं पूरी कर इसे अमल में लाने का प्रयास करेगी। महाराष्ट्र विधानसभा में आज बिल पेश करते हुए सीएम देवेंद्र फडणवीस ने कहा, 'हमने मराठा आरक्षण के लिए प्रक्रिया पूरी कर ली है और हम आज विधेयक लाए हैं।' हालांकि फडणवीस ने धनगर आरक्षण पर रिपोर्ट पूरी न होने की बात कही। उन्होंने कहा, 'धनगर आरक्षण पर रिपोर्ट पूरी करने के लिए एक उप समिति का गठन किया गया है और जल्द ही एक रिपोर्ट और एटीआर विधानसभा में पेश की जाएगी।' पहले विधानसभा से विधेयक आम सहमति से पारित होकर विधान परिषद पहुंचा जहां से इस विधेयक को सर्वसम्मति से पारित कर दिया गया। खबर है कि सरकार की कोशिश ५ दिसंबर से राज्य में मराठा आरक्षण लागू करने की है। अब अगले पांच दिन में कानूनी औपचारिकता पूरी कर इसे अमल में लाया जा सके। कांग्रेस नेता अशोक चव्हाण ने मराठा आरक्षण विधेयक पास होने के लिए पूरे मराठा समुदाय को श्रेय दिया। उन्होंने यह भी कहा कि वोटों के ध्रुवीकरण के लिए फडणवीस सरकार ने यह फैसला लिया है और इसीलिए सरकार ने मुस्लिम आरक्षण को लेकर कोई फैसला नहीं किया। बता दें कि पिछले कुछ दिनों से मराठा और धनगर समाज के आरक्षण के मुद्दे पर महाराष्ट्र विधानमंडल के शीतकालीन सत्र में गतिरोध बना हुआ था। मंगलवार को सत्ता पक्ष और विपक्ष, दोनों ने एक-दूसरे की नीयत पर शक-सवालों और तर्क-वितर्क की बारिश कर दी थी। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने विपक्ष के मन में काला होने का आरोप लगाया, तो विपक्ष ने सरकार की नीयत पर शक जताया था।*

*इसके बाद मुख्यमंत्री ने कहा था, 'विपक्ष झूठा प्रचार कर रहा है। उसे आरक्षण के मुद्दे पर राजनीति करनी है। हमें भी राजनीतिक जवाब देना आता है। सरकार मराठा समाज को आरक्षण देगी। गुरुवार को इसका विधेयक पेश किया जाएगा।' मुख्यमंत्री ने आयोग के नियम १४ और १५ का हवाला देते हुए कहा, 'सरकार नियमों के मुताबिक काम कर रही है। यह राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग की ५२वीं रिपोर्ट है। पिछली ५१ रिपोर्ट भी सदन के पटल पर नहीं रखी गई थीं। हम मराठा आरक्षण विधेयक पेश करने से पहले राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग की रिपोर्ट पर एटीआर पेश करेंगे।'*

# बॉलीवुड समाचार



## रात को घर में न्यूड होकर सोना पसंद करती हैं बॉलीवुड की ये अभिनेत्रियां



**शोधकर्ताओं** ने अक्सर इस बात का दावा किया है कि रात में न्यूड होकर सोने से कई स्वास्थ के फायदे होते हैं. यही वजह भी है कि अगर आप कभी न्यूड होकर सोएं तो आप और भी ज्यादा रिलैक्स्ड महसूस करेंगे. आज हम आपको बॉलीवुड की उन अभिनेत्रियों के बारे में बताने जा रहे हैं जिन्होंने खुद इस बात को कबूल किया है कि रात में उन्हें न्यूड होकर सोना पसंद है.

इन अभिनेत्रियों ने मीडिया से अपनी जिंदगी से जुड़ी इस दिलचस्प बात को लेकर बयान भी दिया है.

**पूनम पांडे**

अपनी हॉट पर्सनालिटी और बोल्ड अंदाज के लिए मशहूर पूनम पांडे अक्सर सोशल मीडिया पर अपने फोटोज और वीडियो से तहलका मचाती रहती हैं. मॉडल और एक्ट्रेस के रूप में पोपुलर पूनम ने अपने ट्विटर अकाउंट पर खुद ट्वीट करते हुए अपने फैंस को बताया था कि आमतौर पर उन्हें न्यूड होकर सोना पसंद है.

**जैकलीन फर्नांडिज**

जैकलीन फर्नांडिज ने अपने एक मीडिया इंटरव्यू के दौरान कहा था कि रात को सोते समय उन्हें कपड़ा नहीं पसंद है. अगर उन्हें कपड़ा पहनकर सोना पड़े तो शायद वो सो ही ना पाएं.

**राखी सावंत**

एक इंटरव्यू के रैपिड फायर राउंड में राखी सावंत ने अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर ये मजेदार खुलासा किया था. यहां उन्हें बिना समय लिए सही जवाब देना था. इसी दौरान उन्होंने कहा कि रात में उन्हें न्यूड होकर सोना अच्छा लगता है.

**एमी जैक्सन**

एमी जैक्सन ने अपने सोशल मीडिया पर अपनी एक हॉट फोटो पोस्ट की थी. इस फोटो में एमी न्यूड होकर बिस्तर पर सोती हुईं नजर आईं थी. फोटो को देखकर कहा जा सकता है कि उन्हे भी रात में न्यूड होकर सोना ज्यादा अच्छा लगता है.

**सनी लियोन**

एडल्ट फिल्म्स दुनिया में धूम मचाने के बाद सनी लियोन ने बॉलीवुड में अपने पांव जमाए. एक बार सनी ने खुद इस बात को कबूल किया कि सोते समय उन्हें कपड़े नहीं पसंद है. अगर रात में उन्हें कपड़े पहनकर सोना पड़े तो शायद सारी रात को जागती ही रह जाएंगी.

**पद्मा लक्ष्मी**

एक्ट्रेस एवं टेलीविजन होस्ट पद्मा लक्ष्मी ने कहा था कि सोते समय वो अपने कम्फर्ट का काफी ध्यान रखती हैं और इसलिए उन्हें रात में कपड़े पहनकर सोना पसंद नहीं.

## एक्ट्रेस नफीसा अली कैंसर में मुब्तला, स्टेज ३ पर

**-हुस्न बानो नूरमोहम्मद की कलम से...**



अतीत की अदाकारा और थिएटर एक्ट्रेस नफीसा अलीजी की उम्र , ६१, वर्ष को कैंसर हो गया है, जो तीसरे स्टेज पर है! नफीसा जी ने शनिवार को (INSTAGRAM) इंस्टाग्राम पर, सोनिया गाँधी के साथ एक फोटो शेयर किया है, और लिखा है के ('जस्ट मेट माय प्रेसियस फ्रेंड हुविशद में लक एंड टू गेट वेल फ्रॉम माय जस्ट डायग्नोस्ड स्टेज ३कैंसर') नफीसा अली का जन्म पश्चिम बंगाल में हुआ, और वह पहली बार शशिकपूर के साथ फिल्म जूनून में परदे पर आयी! फिल्म जूनून १९७९ मैं रिलीज़ हुई थी! उनकी दूसरी मशहूर फिल्में ,'मेजर साहेब,'लाइफ-इन-ए-मेट्रो', और 'यमला पगला दीवाना' हैं! इसके अलावा तिगमांशु धूलिआकी फिल्म, 'साहेब-बीवी-और-गैंगस्टर ३', में भी वह नज़र आयी! इसके अलावा २००७ की मलयालम फिल्म,' बिग बी' में भी उन्होंने कामकिया!

नफीसा अली को राजनीति से भी काफी लगाव रहा, २००९ में समाजवादी पार्टी के टिकट पर उन्होंने चुनाव में भी लड़ा था!फिलहाल वह कोंगरी पार्टी की मेंबर हैं और इसके अलावा वह २००५ में- 'चिल्ड्रेन्स फिल्म सोसाइटी ऑफ़ इंडिया' की चेयर पर्सन भी रहचुकी हैं!उन्होंने अर्जुन अवार्ड विनिंग स्पोर्ट्स पर्सनालिटी कर्नल आर.एस. सोधिसे शादी की, और उनसे इनके तीन बच्चे भी हैं!

इसी साल दुसरे और दो बॉलीवुड एक्ट्रेस भी इस बीमारी से जंग कर रहीहैं! सोनाली बेंद्रे, जिन्हे हाई-ग्रेड का कैंसर हुआ, और वह इलाज के लिए न्यू यॉर्क गयी हैं! और दुसरे इरफ़ान खान जो लंदन में अपना बहुत ही कीमती और महंगा इलाज करवा रहे हैं!

अभी कुछ दिन पहले की ही खबर है की आयुष्मान खुराना की पत्नी ताहिरा काशिफ को भी ब्रैस्ट कैंसर हो गया है, किन्तु ताहिरा जी बहुत बहादुर और बुलंद हौसला रखने वाली महिला हैं! इस बीमारी के पता लगने पर भी वह नर्वस नहीं हुई! वह कहती हैं,' मैंने अपने दाएं ब्रैस्ट को कुछ भारी महसूस किया, और ब्रैस्ट की शक्ल भी कुछ विचित्र महसूस हुई, उन्होंने अपनी बेस्ट फ्रेंड को यह सारी बातें बतायी, और अपने पतिआयुष्मान खुर्राना और अपनी बेस्ट फ्रेंड के साथ तुरंत'गयनेकोलॉजिस्ट' के पास गयी! तुरंत डिसिशन लेकर सर्जरी करवा ली,और सर्जरी के बाद केमोथेरपी भी शुरू कर ली!

ताहिरा जी बहुत बहादुर महिला हैं! वह बेख़ौफ़ हैं, उन को किसी बात का डर नहीं लगता,वह मूवी देखती हैं, अपने आप को कामों में व्यस्त रखती हैं और तंदरुस्ती के लिए दुआएं करती हैं! जीने की उम्मीद और तमन्ना रखती हैं!उन्होंने सभी महिलाओं के लिए यह सन्देश भेजा है की, यदि किसी भी महिला को इस तरह की कोई बीमारी का सामना करना पड़े, तो वह डरे नहीं, और न ही नर्वस हों, बल्कि बहादुरी के साथ इलाज करवा के हालात का सामने करें! रोग को अपने ऊपर हावी न होने दें, बल्कि हम खुद रोग पर हावी हो जाएँ ! और हाँ, दवा के साथ दुआ भी तोह ज़रूरी हैं ना? क्यूंकि दुआ तो सबसे बड़ा हथियार है, सिर्फ मोमिन के लिए नहीं हर इंसान के लिए दुआ ही सबसे मज़बूत हथियार है! हम भी अपने पियारे अदाकारो के लिए दुआ करते है की मालिक इन पर अपना रहम करे और इन सभी को जल्द से जल्द अच्छा करदे हमारी शुभ कामनाएं उन सब के साथ है हमेशा रहेंगी!

## अमिताभ बच्चन ने BMC के सफाईकर्मियों की मदद के लिए उठाया ये बड़ा कदम


**मुंबई:** बॉलीवुड (Bollywood) के मेगास्टार (Megastar) अमिताभ बच्चन (Amitabh Bachchan)ने मेनहोल और सीवरों की हाथों से सफाई करने वाले सफाईकर्मियों की मदद के अपने वादे को पूरा करते हुए उनके लिए मशीनों का इंतजाम किया है. अमिताभ ने रविवार को ट्वीट कर कहा, 'एनडीटीवी क्लीनाथॉन 'बनेगा स्वच्छ इंडिया' (NDTV Cleanathon) में, हाथों से सफाई करने वाले कर्मियों की अमानवीय स्थिति को देखते हुए मैंने उनके लिए ५० मशीनें खरीदने का वादा किया था. आज मैंने उस वादे को पूरा कर दिया है! सफाईकर्मियों को २५ छोटी अलग-अलग मशीनें और बीएमसी को एक बड़ी ट्रक मशीन उपहार में दी है.'




२४ नवंबर को एक पत्र लिखकर अमिताभ ने मैनुअल स्केवेंजर्स एसोसिएशन (Manual Skevenjrs Association) (एमएसए) और बृहन्मुंबई नगर निगम (Greater Mumbai Municipal Corporation) (बीएमसी) से कहा था कि वह मेनहोल और सीवर नालों में सफाई के लिए उनमें उतरने वाले सफाईकर्मियों (Cleaners) के लिए कुछ करना चाहते हैं. उन्होंने कहा, 'मेरा योगदान सफाईकर्मियों को इस अमानवीय कार्य को करने से रोकने और उन्हें समाज में सम्मान और गरिमा दिलाने के लिए है.'

अमिताभ ने सफाईकर्मियों के लिए मशीनें खरीदने के लिए ५० लाख रुपये देने का वादा किया था. अमिताभ ने ट्वीट कर कहा, 'मैं बीएमसी को एक बड़ी मशीन और सफाईकर्मियों को छोटी मशीनें दान कर रहा हूं.' उन्होंने बीएमसी और एमएसए से मशीनों के सही प्रयोग की निरंतर रिपोर्ट देने का भी आग्रह किया है. अभिनेता किसानों की मदद के लिए भी सक्रिय रूप से काम कर रहे हैं.

## राखी सावंत के होने वाले पति दीपक कलाल ने कहा, \' राखी तुम आगे और पीछे से एक दम पवित्र हो, मुझे तुम पर गर्व है\'





राखी सावंत को सुर्खियों में रहना बखूबी आता है और इस बार वो ये काम स्वयं-घोषित इंटरनेट सेंसेशन दीपक कलाल के साथ मिलकर कर रही हैं. २८ नवंबर, बुधवार को राखी ने अपने इंस्टाग्राम पर एक फोटो पोस्ट करके बताया कि वो और दीपक ३१ दिसंबर को लॉस एंजलेस में शादी करने जा रहे हैं. राखी द्वारा किए गए इस पोस्ट को देखकर लोग हैरान हो गए. इंटरनेट पर अभी लोगों के बीच इस विषय को लेकर असमंजस खत्म भी नहीं हुआ था कि दीपक कलाल के नए इंस्टाग्राम पोस्ट ने बवाल मचा दिया है.

दीपक कलाल के नए इंस्टाग्राम पोस्ट में बताया गया कि राखी सावंत पूरी तरह से वर्जिन हैं. बात यही खत्म नहीं होती. दीपक ने राखी के नाम की विर्जिनिटी सर्टिफिकेट को शेयर किया और कैप्शन दिया, 'राखी सावंत मुझे तुमपर गर्व है. तुम आगे और पीछे से पवित्र हो...नीचे से भी पवित्र हो. डॉ. ने ३ घंटा तनबदन का प्रॉपर तहकीकात किया लेकिन रिजल्ट अच्छा दिया.'

दीपक के इस पोस्ट को देखने के बाद लोग भड़क उठे हैं. उन्होंने उनकी इस पोस्ट पर कमेंट करते हुए उन्हें जमकर फटकार लगाई और साथ ही उनका मजाक भी उड़ाया.

## मुसीबतों का कुर्ला सबवे

**मुंबई :** कुर्ला सबवे मुंबईकरों के लिए मुसीबतों का सबवे बनता जा रहा है। करीब १५ सालों के इंतजार के बाद १० करोड़ की लागत से बनकर एक साल पहले शुरू हुए कुर्ला सबवे में लीकेज ने मुसीबत बढ़ा दी है। कुर्ला पूर्व और पश्चिम को जोड़ने वाले इस सबवे का उपयोग गिने-चुने लोग ही कर रहे हैं। बीएमसी की ओर से रेलवे के प्लैटफॉर्म के नीचे से हो रहे इस लीकेज की उच्च स्तर पर चर्चा के बाद जल्द ही मामला सुलझने की उम्मीद है। सबवे की बदहाली के चलते लोग सबवे की बजाय ऊपरी पुल का प्रयोग करना अब भी बेहतर समझ रहे हैं।

## रेलवे के उत्कृष्ट उत्पाद में यात्रियों का उत्पात

- **कोच में स्टैनलेस स्टील के लगेज रैक्स दिए हुए हैं, जो देखने में आकर्षक और मजबूत भी हैं। इनमें जंग लगने का खतरा नहीं है।**
- **कोच में ही एक्रिलिक मोबाइल हॉल्डर दिए हैं। सीटों को और आरामदायक बनाया गया है**

**मुंबई :** पुणे से मुंबई के बीच चलने वाली प्रगति एक्सप्रेस को हाल ही में अपग्रेड किया गया था। इस ट्रेन की आंतरिक और बाहरी साज-सज्जा को उत्कृष्ट योजना के तहत अपग्रेड किया गया था, लेकिन आदत से मजबूर यात्रियों को रेलवे की सुविधाएं रास न आई। ढाई महीने में तैयार की गई पूरी ट्रेन में ये सुविधाएं १५ दिन भी नहीं टिकीं। इस ट्रेन के शौचालयों से टोंटियां और कांच गायब हो रहे हैं। ६० लाख रुपये खर्च करके जो सुविधाएं मुहैया कराई गई थीं, उन्हें 'अपनी संपत्ति' समझकर गायब कर दिया गया है। कुल मिलाकर उत्कृष्ट उत्पाद में यात्रियों ने उत्पात मचा दिया। प्रगति एक्सप्रेस के इस रेक को पुणे कोचिंग डिपो में तैयार किया गया था। इसका काम १५ अगस्त को शुरू किया गया था और गत ४ नवंबर को इसे मुंबई-पुणे प्रगति एक्सप्रेस में जोड़ा गया। प्रगति एक्सप्रेस सहित मध्य रेलवे की ५ ट्रेनों को 'उत्कृष्ट' बनाया जाएगा।

**रेलवे की संपत्ति, यात्रियों को आपत्ति**

ट्रेनों से सामान चोरी करना सामान्य बात हो गई है लेकिन स्टेशनों पर भी ऐसी ये वारदात आम हो चुकी हैं। मध्य रेलवे के मुंबई डिविजन में ही रोजाना लगभग सौ टोंटियां चोरी होती हैं। आरपीएफ द्वारा प्राप्त आंकड़ों के अनुसार जनवरी २०१६ से अक्टूबर २०१८ तक देशभर में रेलवे की संपत्ति चुराने की १७,७२२ घटनाएं हुई हैं। इसकी कीमत ८ करोड़ ६८ लाख रुपये है। शौचालयों में लगी सुविधाओं के अलावा वातानुकूलित डिब्बों से चादर, कंबल और नैपकिन गायब होने की घटनाएं सबसे ज्यादा होती हैं।

## मर्चेंट नेवी अधिकारी के साथ ऑनलाइन ठगी

**ठाणे:** ठाणे निवासी मर्चेंट नेवी अधिकारी को इंटरनेट पर ऑनलाइन मोबाइल फोन खरीदना भारी पड़ा। वह २० हजार की ठगी का शिकार हो गया। ठगी का शिकार हुए प्रसाद पुखरकर ने कलवा पुलिस स्टेशन में आरोपी तेजकुमार के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। पुलिस के अनुसार, ११ नवंबर को कलवा के शास्त्री नगर निवासी प्रसाद पुखरकर ने पुराना मोबाइल ओएलएक्स से तेजकुमार से खरीदा। तेजकुमार ने खुद को आर्मी में कार्यरत बताया। उसने कहा कि वह आर्मी कैम्प में ट्रेनिंग पर है, इसलिए वह कुरियर से मोबाइल भेज देगा। उसने मोबाइल के १५ हजार और इंश्योरेंस तथा कुरियर खर्च मिलाकर २० हजार रुपये अकाउंट मंगवा लिए। रुपये ट्रांसफर होने के बाद जब मोबाइल नहीं आया, तो प्रसाद को ठगे जाने का अहसास हुआ।

## बीएमसी और चैरिटी कमिशन के आपसी सहयोग से होगा काम

### मुंबई में हैं ७४ चैरिटेबल अस्पताल

यह एक सराहनीय पहल है, अगर ईमानदारी से इसे लागू किया जाए तो। ज्यादातर मामलों में अब तक होता यह रहा है कि कोई योजना शुरू होती है, अखबारों में खबर बनती है और संबंधित अधिकारियों को वाहवाही मिल जाती है, लेकिन जिन तक फायदा पहुंचना चाहिए, उन तक नहीं पहुंचता। ज्यादातर गरीब और अभावग्रस्त लोगों को पता ही नहीं है कि शहर के दर्जनों बड़े-बड़े और मशहूर अस्पताल चैरिटेबल हैं और उनमें गरीबों के लिए मुफ्त इलाज की व्यवस्था है। ओएसडी नियुक्त करने के साथ बीएमसी प्रशासन को सुनिश्चित करना चाहिए कि जरूरतमंद लोग इसके प्रति जागरूक रहें, जिससे यह योजना कागजों तक न सिमटी रहे।

## बढ़ेंगे बीएमसी के अंग्रेजी मीडियम स्कूल

**मुंबई :** बांद्रा में नए सिरे से बनाए जा रहे शिवाजी नगर में एमपीएस स्कूल शुरू किया जाएगा। इसके अलावा, बांद्रा-खार में भी अंग्रेजी मीडियम को बढ़ावा देने का प्रशासन ने आश्वासन दिया है। गौरतलब है कि बीएमसी स्कूलों से बच्चों की लगातार घट रही संख्या के मद्देनजर पूरी तरह से अंग्रेजी मीडियम पढ़ाई के लिए एमपीएस स्कूलों की शुरुआत की गई। जिसे काफी अच्छा प्रतिसाद मिला, इन स्कूलों में बच्चों की संख्या में भी इजाफा देखने को मिला। बीएमसी के बेहद कम संख्या के चलते बंद हो चुके स्कूलों को ट्रस्ट के द्वारा संचालित करने के लिए जल्द ही आवेदन मंगाए जाएंगे। इस संदर्भ में प्रस्ताव को सभागृह की अंतिम मंजूरी का इंतजार है। एक अधिकारी के मुताबिक मंजूरी के बाद हम क्षमता वाले ट्रस्ट से आवेदन मंगाएंगे, जिसे समीक्षा के बाद स्कूलों को ट्रस्ट को सौंपा जाएगा।

## मां-बेटे के झगड़े में बीच-बचाव करने गए पड़ोसी की कर दी हत्या

**ठाणे :** ठाणे के मुंब्रा में रहने वाले २७ वर्षीय नौशाद अली शेख को पड़ोस में रहने वाले मां-बेटे के बीच हो रहे झगडे में समझाना बुझाना भारी पड़ा और उसे जान गंवानी पड़ी। मुंब्रा पुलिस ने नौशाद की हत्या के आरोप में १८ वर्षीय नदीम शेख को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस से के मुताबिक नौशाद अपनी बीबी सिमरन के साथ मुंब्रा के अमृतनगर स्थित दरगाह रोड के दाऊद अपार्टमेंट में रहता था। उसका एक साल पहले ही निकाह हुआ था।

रविवार की शाम पड़ोस में रहने वाले नदीम की अपनी मां सुरैया तथा मामा बशीर के साथ कहासुनी हो रही थी। नदीम के बड़े भाई इब्राहिम को मामा की बेटी के साथ निकाह करना था, लेकिन मामा ने इससे इनकार कर दिया था। इस बात से नदीम गुस्सा हो गया था। इसी बात को लेकर नदीम अपनी मां और मामा से गाली गलौज कर रहा था। मां और मामा के समझने के बावजूद नदीम शांत नहीं हो रहा था। परेशान मां पड़ोसी नौशाद के घर गई और उससे नदीम को समझाने को कहा।

पड़ोसी धर्म निभाते हुए नौशाद सुरैया के घर गया और नदीम को शांत करने की कोशिश की, लेकिन नौशाद को देख नदीम और भड़क गया। गुस्साए नदीम ने घर में रखी कैंची से नौशाद की छाती पर वार कर दिया।

# बेरोजगारी और सूखे जैसे मुद्दों से लोगों का ध्यान भटकाने के लिए राम मंदिर का मुद्दा उठाया जा रहा है-शरद पवार




**पुणे:** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (NCP) के प्रमुख शरद पवार (Sharad Pawar) ने सोमवार को कहा कि बेरोजगारी और सूखे जैसे मुद्दों से लोगों का ध्यान भटकाने के लिए राम मंदिर का मुद्दा उठाया जा रहा है. पवार ने अयोध्या में भगवान राम की बड़ी प्रतिमा बनाने की उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री और भारतीय जनता पार्टी के नेता योगी आदित्यनाथ की घोषणा के लिए उन पर भी परोक्ष रूप से हमला किया. पवार ने कहा, ''लोगों का ध्यान मुद्दों से भटकाने का प्रयास किया जा रहा है. महाराष्ट्र के कई जिलों में सूखे का गंभीर संकट है. जानवरों के लिए पानी, भोजन और चारे की कमी है.''

बता दें कि कुछ दिनों पहले शिवसेना के अध्यक्ष उद्धव ठाकरे ने अयोध्या की यात्रा की थी. यात्रा संपन्न होने के बाद उन्होंने कहा था कि वे सरकार को जगाना चाहते थे. उन्होंने यह भी कहा कि मंदिर का निर्माण जल्द से जल्द होना चाहिए.

इसी दौरान VHP ने भी अयोध्या में धर्म संसद का आयोजन किया था. इसके लिए अयोध्या छावनी में तब्दील हो गई है. चप्पे-चप्पे पर सुरक्षाबलों के तैनाती की गई है. इस सभा से राम मंदिर निर्माण करने की बात कही गई.

# WHATSAPP 'ट्रिपल X' गुप में महिला को जोड़ने पर ग्रुप एडमिन गिरफ्तार



मुंबई पुलिस ने एक वॉट्सएप ग्रुप के एडमिन को गिरफ्तार किया। आरोप है कि मुस्ताक अली शेख ने अश्लीलता से भरपूर अपने वॉट्सएप ग्रुप 'ट्रिपल X' में एक महिला को एड कर लिया था। महिला ने जब इस ग्रुप में आने वाले एडल्ट कंटेट को देखा तो वह हैरान रह गई और इस बारे में पुलिस से शिकायत की। महिला मुंबई की ही रहने वाल एक हाउस वाइफ है।महिला ने बताया कि शुरू में तो उसने इस ग्रुप को अनदेखा किया क्योंकि सोचा था कि उसका दोस्त मजाक कर रहा है। लेकिन बाद में देखा कि इस ग्रुप में तो न्यूड पिक्चर्स और पोर्न वीडियो भेजे जा रहे हैं। इसके बाद उसने एक ग्रुप के बारे में जानकारी की तो पता चला कि इसके १२ सदस्य हैं और एडमिन समेत इनमें से किसी को वह नहीं जानती। इसके बाद उसने पुलिस से संपर्क किया और इस ट्रिपल X ग्रुप के बारे में शिकायत की।पुलिस ने आरोपी शेख को धारावी इलाके से गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ महिला से छेड़छाड़ और आईटी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है। हालांकि आरोपी पुलिस को बताया है कि उसने गलती से महिला को एड किया था। उसे लग रहा था कि यह नंबर उसके साले का होगा। उसने यह भी बताया कि उसके पास महिला का नंबर कैसे पहुंचा उसे इस बात की भी जानकारी नहीं है।पुलिस ने शेख का फोन सीज कर लिया है और जांच के लिए इसे फॉरेंसिक डिपार्टमेंट को भेज दिया है। पुलिस अभी आरोपी के खिलाफ सबूत जुटा रही है। आरोपी शेख यदि मामले में दोषी पाया गया तो आईटी एक्ट के तहत ५ साल तक की जेल हो सकती है।

# बिजी सड़क पर स्कूल जाते हुए १६ साल की लड़की की दिनदहाड़े हत्या



**बैंगलुरु :** कर्नाटक के डोड्डाबल्लापुर जिले में दिलदहला देने वाली घटना सामने आई है। स्कूल जाते हुए एक १६ साल की लड़की की दिनदहाड़े हत्या कर दी गई। पुलिस को शक है उसकी हत्या उसके कजिन ने कही है। शुरुआती जांच रिपोर्ट से पता चलता है कि उसके कजिन से उसका झगड़ा था इसलिए उसकी हत्या की गई। पुलिस इस मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने वादा किया है कि दोषी के खिलाफ तेजी से कार्रवाई की जाएगी।

इस जघन्य अपराध को देखकर पूरा गांव सन्न है। आरोपी ने इस नाबालिग पर बिजी सड़क पर हमला किया और उसके बाद धारदार हथियार से उसकी हत्या कर दी। इस हमले में पीड़िता बुरी तरह घायल हो गई। उसके बाद मौके पर ही दम तोड़ दिया। उसके बाद स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। उसके बाद वारदात स्थल पर पुलिस पहुंची और सबूतों को इकट्ठा किया।

# पाकिस्तान: करतारपुर के मंच पर तेवर जंग का, पैगाम अमन का



७० साल के इंतजार के बाद आखिरकार करतारपुर साहिब कॉरिडोर की नींव पड़ ही गई है. पहले भारत और आज पाकिस्तान में इस कॉरिडोर का शिलान्यास हुआ. पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान ने इसकी नींव रखी, इस दौरान भारत की तरफ से केंद्रीय मंत्री हरसिमरत कौर बादल, पंजाब सरकार में मंत्री नवजोत सिंह सिद्धू भी कार्यक्रम में शामिल हुए. इस कॉरिडोर के जरिए संदेश तो शांति और भाईचारे का दिया जा रहा है, लेकिन मंच से इमरान खान ने एक बार फिर दोनों मुल्कों में जंग और कश्मीर का मुद्दा उठाया.

करतारपुर कॉरिडोर के शिलान्यास कार्यक्रम में एक क्रेडिट वॉर भी दिखी, जो भारत-पाकिस्तान और नवजोत सिद्धू-हरसिमरत के बीच लड़ी गई. पाकिस्तानी पीएम इमरान खान ने मंच से सिद्धू की जमकर तारीफ भी की.

**इमरान बोले- दोनों मुल्कों से हुईं गलतियां**

पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान ने कार्यक्रम में कहा कि मैंने जो सिख समुदाय में खुशी देखी वो अगर मैं मुसलमान को समझाऊं कि जैसे मुस्लिम मदीना से ४ख्श दूर खड़े हैं और वो उसपार जा नहीं पाए. लेकिन अब ये सपना पूरा हुआ है, इसके लिए हम लगातार काम कर रहे हैं. अगले साल जब आप यहां आएंगे तो आपको खुशी होगी.

**'सियासत में होते हैं दो तरह के लोग'**

इमरान ने कहा कि मुझे इनका क्रिकेट और कमेंट्री याद है, लेकिन वो सूफी कलाम में इतने महारथी हैं वो जानकार काफी हैरान हूं. उन्होंने कहा कि मैंने २१ साल क्रिकेट खेली और २२ साल सियासत की. क्रिकेट के समय में मैं दो तरह के खिलाड़ियों से मिला, एक वो था जो हमेशा मैदान पर हारने से डरता था इसलिए वो कोई रिस्क नहीं लेता था और वो दूसरा खिलाड़ी हमेशा जीतने की सोचता था, हारने से नहीं डरता था. और हमेशा दूसरा खिलाड़ी ही चैंपियन बनता था, हारने से डरने वाला खिलाड़ी कभी बड़ा नहीं बनता.

**'कब टूटेगी जंजीर'**

इमरान खान ने कहा कि जब मैं सियासत में आया तो ऐसे लोग से मिला जो बस अपने लिए ही काम करते थे, आवाम को भूल जाते थे. एक दूसरे किस्म का राजनेता है तो नफरतों के नाम पर नहीं बल्कि काम के नाम पर राजनीति करता था. उन्होंने कहा कि आज जहां पाकिस्तान-हिंदुस्तान खड़ा है, ७० साल से ऐसा ही हो रहा है. उन्होंने कहा कि दोनों तरफ गलतियां हुईं लेकिन हम जबतक आगे नहीं बढ़ेंगे तो जंजीर नहीं टूटेगी.

**'फ्रांस-जर्मनी एक साथ तो भारत-PAK क्यों नहीं'**

उन्होंने कहा कि हम एक कदम आगे बढ़कर दो कदम पीछे हट जाते हैं, ये ताकत नहीं आई है कि कुछ भी हो हम रिश्ते ठीक करेंगे. अगर फ्रांस-जर्मनी एक साथ आ सकते हैं, तो फिर पाकिस्तान-हिंदुस्तान भी ऐसा क्यों नहीं कर सकते हैं. उन्होंने कहा कि हमने भी एक-दूसरे के लोग मारे हैं, लेकिन फिर भी सब भूला जा सकता है. उन्होंने कहा कि हमेशा कहा जाता था कि पाकिस्तान की फौज दोस्ती नहीं होने देगी, लेकिन आज हमारी पार्टी-पीएम-फौज एक साथ हैं.

**'दोनों देशों के बीच कश्मीर का मसला'**

उन्होंने कहा कि हमारा मसला सिर्फ कश्मीर का है, इंसान चांद पर पहुंच चुका है लेकिन हम एक मसला हल नहीं कर पा रहे हैं. उन्होंने कहा कि ये मसला जरूर हल हो जाएगा, इसके लिए पक्का फैसला जरूरी है. उन्होंने कहा कि अगर हिंदुस्तान एक कदम आगे बढ़ाएगा तो हम दो कदम आगे बढ़ाएंगे.

**'दोनों देशों के बीच नहीं हो सकती जंग'**

इमरान खान ने कहा कि जब पिछली बार सिद्धू वापस गए तो इनकी काफी आलोचना हुई, लेकिन एक इंसान जो शांति का पैगाम लेकर आया है वो क्या जुर्म कर रहा है. हमारे दोनों के पास एटमी हथियार है, तो इनके बीच जंग हो ही नहीं सकती है. दोनों देशों के बीच जंग का सोचना पागलपन है.उन्होंने कहा कि अगर सिद्धू पाकिस्तान में चुनाव लड़ लें तो वो जीत सकते हैं. उन्होंने कहा कि हम सिद्धू के प्रधानमंत्री बनने का इंतजार ना करना पड़े. हम चाहते हैं कि दोनों मुल्कों के बीच में अमन हो.

## 'PAK के फैसले की दुनिया की तारीफ'

पाकिस्तान के विदेश मंत्री शाह महमूद कुरैशी ने इस कार्यक्रम में कहा कि आज का दिन भारत और पाकिस्तान के इतिहास में काफी अहम है. उन्होंने कहा कि पाकिस्तान की सरकार ने जो फैसला किया है वह राजनीति से प्रेरित नहीं है. पाकिस्तान के इस फैसले की पूरी दुनिया में तारीफ हो रही है. उन्होंने कहा कि हम ये फैसला काफी समय से लेना चाहते थे, लेकिन भारत-पाकिस्तान के रिश्तों के कारण ये फैसला नहीं हो सका.

## PAK ने दिया धोखा!

शांति का प्रतीक माने जा रहे इस कार्यक्रम में पाकिस्तान ने एक बार फिर धोखा देने का काम किया है. कॉरिडोर के शिलान्यास में खालिस्तानी समर्थक गोपाल चावला भी मौजूद रहा. चावला ने पाकिस्तानी सेना प्रमुख कमर बाजवा से मुलाकात की.

**नवजोत सिंह सिद्धू ने लूटा माहौल**

पाकिस्तान में करतारपुर साहिब कॉरिडोर के शिलान्यास के दौरान नवजोत सिंह सिद्धू बोले कि हिंदुस्तान जीवे, पाकिस्तान जीवे. उन्होंने कहा कि मुझे कोई डर नहीं, मेरा यार इमरान जीवे. सिद्धू ने कहा कि सभी को अपनी सोच बदलनी पड़ेगी, तभी शांति कायम होगी. उन्होंने कहा कि अब खून-खराबा बंद होना चाहिए, दोस्ती का पैगाम आगे बढ़ना चाहिए. अब तक बहुत नुकसान हो गया है.

सिद्धू ने कहा कि करतारपुर कॉरिडोर दोनों देशों के लोगों के बीच में संपर्क बढ़ाएगा, जो संपर्क टूटा हुआ था वो अब दोबारा जुड़ रहा है. जब भी करतारपुर कॉरिडोर का इतिहास लिखा जाएगा तो इमरान खान का नाम पहले पन्ने पर लिखा जाएगा. उन्होंने कहा कि बंटवारे के दौरान दो पंजाब टूट गए थे, आज इमरान जैसी कोई चाबी आनी चाहिए कि इन्हें जोड़ना चाहिए.


आपको बता दें कि इस कार्यक्रम के दौरान नवजोत सिंह सिद्धू छाए रहे. हर वक्ता, हर वीडियो में नवजोत सिंह सिद्धू की जमकर तारीफ की गई और सिद्धू को शांति का प्रतीक बताया.

**भाषण देते वक्त भावुक हुईं हरसिमरत बादल**

हरसिमरत कौर बादल ने इस कार्यक्रम में कहा कि आज हमारी कौम के लिए ऐतिहासिक दिन है, हर सिख की यही मांग थी. जो ७० साल नहीं हो पाया, वो अब पूरा हुआ है. जिसके हाथ में सेवा लिखी थी, उसी के हाथों ये काम पूरा हुआ है. गुरु नानक साहब ने अपना आखिरी समय आपकी धरती पर बिताया, लेकिन ४ किमी. का ये फासला पूरा करने में ७० साल लग गए.उन्होंने कहा कि यहां मेरा कोई दोस्त, कोई जानने वाला नहीं लेकिन एक सिख होने के नाते मेरी अरदास पूरी हुई है. हरसिमरत बादल अपनी बात कहते हुए भावुक हुईं. हमारी पार्टी ७ महीने से इस मांग को पूरा करने में लगे थे, हमारी कैबिनेट ने इसका फैसला लिया और आज ये सपना पूरा हो रहा है. उन्होंने कहा कि जब बर्लिन की दीवार गिर सकती है तो भारत-पाकिस्तान के बीच की नफरत क्यों नहीं दूर हो सकती है.उन्होंने कहा कि आप भी गुरु नानक साहब के नाम पर सिक्का चलाएं, धार्मिक स्थलों के लिए ट्रेन चलाएं और करतारपुर का विकास करें.

# २६ नवंबर भारत के इतिहास का बेहद अहम दिन है. इसी दिन संविधान सभा ने अपनी स्वीकृति दी थी. इस वजह से इस दिन को 'संविधान दिवस'

**CONSTITUTION DAY:** २६ नवंबर भारत के इतिहास का बेहद अहम दिन है. इसी दिन संविधान सभा ने अपनी स्वीकृति दी थी. इस वजह से इस दिन को 'संविधान दिवस' (Constitution Day) के तौर पर मनाया जाता है. २६ नवंबर १९४९ के दिन देश में भारतीय संविधान सभा द्वारा पारि?त किया गया. इसके ठीक एक साल बाद यह २६ नवंबर १९५० को लोकतांत्रिक सरकार प्रणाली के साथ लागू हुआ. भारत के संविधान निर्माता के रूप में डॉ भीमराव अंबेडकर को जाना जाता है. इन्होंने भारतीय संविधान के रूप में दुनिया का सबसे बड़ा संविधान तैयार किया है.भारतीय संविधान में वर्तमान में ४६५ अनुच्छेद, तथा १२ अनुसूचियां हैं और ये २२ भागों में विभाजित है. इसके निर्माण के समय मूल संविधान में ३९५ अनुच्छेद, जो २२ भागों में विभाजित थे इसमें केवल ८ अनुसूचियां थीं.




**भारतीय संविधान दुनिया में सबसे बड़ा है:** प्रत्येक भारतीय के लिए वाकई यह गर्व की बात है कि भारतीय संविधान दुनिया का सबसे बड़ा संविधान है. इसे बनाने में करीब २ साल ११ महीने और १७ दिन लगे. आपको जानकार शायद हैरानी होगी कि भारतीय संविधान ना ही टाईप किया गया था और ना इसका प्रिंट निकाला गया था. हमारे पूरे संविधान को हिंदी और अंग्रेजी भाषा में हाथ से लिखा गया था. शांति निकेतन के राम मनोहर सिन्हा और नंदलाल बोस जैसे महान कलाकारों द्वारा संविधान को पन्नों-पन्नों में खूबसूरती से उकेरा गया है. जिसकी ओरिजनल कॉपी संसद की लाइब्रेरी हीलियम केसेस में रखी गई है.

**समान अधिकार:** भारतीय संविधान में साफ है कि भारत सब धर्मों को मानने वाला देश है. इसका कोई आधिकारिक धर्म नहीं है और न किसी एक धर्म को बढ़ावा देना इसका लक्ष्य है. हर नागरिक को समान अधिकार है. पीएम मोदी ने रविवार को अपने रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' का ५० वां संस्करण में 'संविधान दिवस' का जिक्र किया. उन्होंने कहा कि इसी दिन हमारा संविधान बन कर तैयार हुआ था. पीएम मोदी ने कहा कि देश की महान विभूतियों ने हमें इतना व्यापक और विस्तृत संविधान दिया. इन्होंने जिस असाधारण गति से संविधान का निर्माण किया वो आज भी टाइम मैनेजमेंट और प्रॉडक्टिविटी का एक उदाहरण है.

# गुजरात: साधु पर लगा १५ साल की लड़की से रेप का आरोप



**राजकोट:** गुजरात के बोटाद में एक साधु पर रेप का आरोप लगा है। मामला जिले के बारवाला तालुका का है, जहां स्वामीनारायण पंथ के एक साधु को बुधवार को पुलिस ने रेप के आरोप में गिरफ्तार किया है। साधु पर १५ साल की नाबालिग लड़की से रेप का आरोप लगा है। आरोपी का नाम रुषि प्रसाद दासजी बताया जा रहा है। पुलिस ने बताया कि ४७ साल के आरोपी ने लड़की के साथ कई मौकों पर कथित बलात्कार किया है। पीड़िता आरोपी के घर पर तीन महीने पहले घरेलू सहायिका के तौर पर काम करने गई थी। बारवाला पुलिस ने बताया कि आरोपी ने कई मौकों पर लड़की के साथ बलात्कार किया है। यौन उत्पीड़न से परेशान होकर पीड़िता ने नौकरी छोड़ी दी, लेकिन आरोपी नहीं माना। पुलिस ने बताया कि नौकरी छोड़ने के बाद भी आरोपी दासजी पीड़ित लड़की का पीछा करता रहता था। मंगलवार को भी उसने लड़की का पीछा किया और उसे वापस काम पर आने के लिए कहा। पुलिस के मुताबिक लड़की ने उत्पीड़न से परेशान होकर अपनी आपबीती अपने माता पिता को सुनाई, जिसके बाद वे पुलिस स्टेशन आए और दासजी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। मामला दर्ज होने के बाद पुलिस ने आरोपी साधु को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस की पूछताछ में आरोपी ने बताया कि १२ साल पहले उसे एक प्रतिष्ठित स्वामीनारायण गडी से निकाला गया था। जिसके बाद वह रोगिड गांव चला आया। यहां उसने श्री स्वामीनाराण आश्रम, श्री छापीयापुरम ट्रस्ट के नाम से अपना खुद का एक आश्रम बनाया। पुलिस अधिकारी ने बताया कि पीड़ितो को मेडिकल जांच के लिए भेज दिया गया है। साथ ही आरोपी दासजी का भी मेडिकल कराया जा रहा है।

# पूर्व शिक्षा मंत्रियों के साथ शैक्षणिक पात्रता परीक्षा देने को तैयार हूं: तावडे

**मुंबई:** मुंबई : एजुकेशन सिस्टम को सुधारने की कवायदें जारी है। एक तरफ शिक्षकों को टीईटी के दायरे में लाने की बात है, तो दूसरी तरफ बच्चों के मानसिक तौर पर मजबूत करने की भी दिशा में कोशिशें तेज हैं। मुंबई में जरूरतमंद बच्चों को अच्छी शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए बीएमसी ने नए सिरे से अंग्रेजी माध्यम के स्कूल शुरू किए जाने की बात कही है। अदालतों में भी जुवेनाइल जस्टिस ऐक्ट के तहत बच्चों से जुड़े मामलों की सुनवाई के लिए अनुकूल कक्ष की व्यवस्था पर बल दिया गया है।

महाराष्ट्र के शिक्षा मंत्री विनोद तावडे ने कहा है कि केंद्र सरकार के कानून के अंतर्गत ही शिक्षक पात्रता परीक्षा पिछली सन २०१० में लाई गई, लेकिन उसे लागू करने के लिए शासनादेश २०१३ में लाया गया। सदन के शिक्षक विधायक साल २०१० से २०१३ के बीच नियुक्त शिक्षकों को टीईटी से छूट देने की मांग लगातार कर रहे हैं, लेकिन हमें केंद्र सरकार के कानून का पालन करना होगा। ये शिक्षक स्कूलों में पिछले पांच से छह साल से लगातार पढ़ा रहे हैं। उन्हें पढ़ाने का अनुभव भी है। ऐसे में टीईटी पास करने में उन्हें कठिनाई नहीं होनी चाहिए।

विधान परिषद में सदस्यों के सवालों का जवाब देते हुए तावडे ने कहा कि शिक्षकों को टीईटी देने से रियायत देने का फैसला कानून की कसौटी पर खरा उतरेगा या नहीं, इस पर अध्ययन करने के बाद फैसला किया जाएगा। यदि यह संभव नहीं होता है तो शिक्षकों को टीईटी पास करने के लिए सरकार एक साल का समय और देने पर विचार करेगी, क्योंकि टीईटी पास करने की तीन साल की अवधि खत्म हो चुकी है। तावडे ने कहा कि शिक्षकों को पात्रता परीक्षा देने में डर क्यों लगता है/ निर्दलीय सदस्य दत्तात्रय सावंत ने शिक्षकों को टीईटी से रियायत देने की मांग की।

डिग्री को लेकर विवाद में रहे शिक्षा मंत्री विनोद तावडे ने कहा कि वह शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) देने को तैयार है, लेकिन शर्त है कि कांग्रेस-राकांपा आघाड़ी सरकार के पूर्व शिक्षा मंत्री भी उनके साथ परीक्षा दें। विधान परिषद में कांग्रेस के हरिसिंग राठोड ने शिक्षा मंत्री को शिक्षक पात्रता परीक्षा देने की मांग की। अन्य सदस्यों ने भी तावडे की शिक्षा पर शंका जताई। इस पर तावडे ने कहा कि मैं राज्य के पूर्व शिक्षा मंत्री वसंत पुरके, राजेंद्र दर्डा और कांग्रेस सदस्य राठोड के साथ शिक्षक पात्रता परीक्षा देने के लिए तैयार हूं।

## एजुकेशन सिस्टम को सुधारने की कवायद

### बच्चों के अनुकूल बनाए जाएं अदालत कक्ष

**मुंबई :** मुंबई उच्च न्यायालय ने महाराष्ट्र सरकार को राज्य के सभी न्यायिक परिसरों में प्राथमिकता के आधार पर बच्चों के अनुकूल अदालत कक्ष बनाने का निर्देश दिया। ये अदालत कक्ष किशोर न्याय अधिनियम सहित कई कानूनों के तहत एक अनिवार्य है, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि अदालत कक्ष में बच्चे गवाही के दौरान किसी तरह का डर महसूस नहीं करें। फरवरी में उच्चतम न्यायालय ने इस सिलसिले में देश के सभी उच्च न्यायालयों के मुख्य न्यायाधीशों को कुछ निर्देश भी जारी किए थे। जुवेनाइल जस्टिस ऐक्ट, पोक्सो ऐक्ट के तहत सुनवाई में बच्चों के लिए ऐसे कक्ष आवश्यक होते हैं। आईपीसी में भी यौनाचार अपराधों में ऐसे कक्ष कारगर सिद्ध होते हैं।

# मेरी बेटी मेरा अभिमान : प्रवीण गुलाटी




**हरियाणा :** मेरा नाम प्रवीण गुलाटी है।मेरी बेटी का नाम सृष्टि गुलाटी है।मेरी बेटी २ साल ११ महीने की है।वह काफी प्यारी और सुंदर है।मेरी बेटी ने छोटी सी उम्र मैं काफी सफलता प्राप्त कर ली है।आशा है कि अग्रिम भविष्य मे भी इसी प्रकार से सफलता प्राप्त करती रहे।मेरी बेटी प्रतिभाशाली है।उसने होंने वाली विभिन प्रकार की प्रतियोगिताओ मैं भाग लेकर बहुत सारे प्रमाण पत्र तथा पदक हासिल किया है।उसने नृत्य कला, चित्रकला, बाल कला ,कविता, फ़ैशन शो, परिधान कला, रैंप वॉक आदि मैं उचित पर्दशन किया है तथा अन्य मैं विजेता बनी है।उसने पांच बाल कलाओ मैं विभिन प्रकार के प्रमाण पत्र प्राप्त किये है जैसे अछी मुस्कुराहट, अछे परिधान ओर अच्छे बाल कलाकार के रूप मे।उसने फरीदाबाद के किड्स केन स्कूल मे आयोजित एक प्रतियोगिता मैं भाग लेकर फेस ऑफ फरीदाबाद की विजेता बनी है मार्च २०१७ में ।उसके बाद वह यहीं नही रुकी उसका सफर आगे भी बढ़ता रहा।वह काफी अच्छा प्रदर्शन कर रही है।वर्तमान मैं अभी तक उसने सभी प्रतियोगिता मैं ३० प्रमाण पत्र, ६ पदक, २ मुख्य नृत्य कला के प्रमाण पत्र प्राप्त किये है।उसने एक मुख्य प्रमाण पत्र दिल्ली मे आयोजित कार्यक्रम में भाग लेकर प्राप्त किया है।पुरवार अचीवर फाउंडेशन द्वारा प्राप्त किया है।उसने एक मुख्यबाल कलाकार का प्रमाण पत्र प्राप्त किया है।ये उसके अच्छे कार्य और प्रदर्शन के लिए मिला है।इसके अतिरिक्त अभी हाल ही मै फरीदाबाद मैं १ नवंबर २०१८ को कैलाश धाम सेवा ट्रस्ट द्वारा आयोजित कार्यक्रम में भी मेरी बेटी को बेस्ट टू बेस्ट अवार्ड से सम्मानित किया गया।।हमे हमारी बेटी पर गर्व है।मेरी बेटी सुंदर, ऊर्जावान, प्यारी, प्रतिभावान है।मुझे आशा है कि भविष्य मे इसी प्रकार प्रतिभाओ के लिए सम्मानित होती रहेगी।मेरी बेटी हमारा तथा देश का नाम रोशन करेगी।

# स्पा सेंटर के नाम पर चल रहा था सेक्स रैकेट, पुलिस ने किया पर्दाफाश

**शाईस्ता शेख**

**पुणेः** महाराष्ट्र में पुणे पुलिस ने स्पा सेंटर के नाम पर चल रहे सेक्स रैकेट का भंडाफोड़ किया है। पुणे के विमाननगर इलाके में स्पा मसाज सेंटर की आड़ में यह सेक्स रैकेट चलाया जा रहा था। पुलिस ने छापा मार दो स्पा मैनेजर को गिरफ्तार किया है। इसके अलावा पुलिस ने तीन विदेशी लड़कियों को भी छुड़ाया। पुलिस के अनुसार, जानकारी मिली थी कि विमाननगर इलाके में स्थित आमंत्रा स्पा सेंटर में सेक्स रैकेट



चलाया जा रहा है। इस जानकारी के बाद पुणे क्राइम ब्रांच और विमानतल पुलिस ने स्पा सेंटर पर २२ नवंबर को छापा मारा। इस छापेमारी में पुलिस ने थाईलैंड की तीन लड़कियों को छुड़ाया। टर्निंग प्वॉइंट शॉप नंबर ३, विंग २, विमाननगर इलाके में यह आमंत्रा स्पा सेंटर है। स्पा सेंटर में आरोपी २७ वर्षीय अमर रामराव धुमाल ( साल) और २८ वर्षीय तुषार अशोक बनसोडे जिस्मफरोशी का रैकेट चला रहे थे। दोनों आरोपी थाईलैंड से तीन लड़कियों को अपने स्पा सेंटर में थेरेपिस्ट की नौकरी देने का वादा कर लाए थे। दोनों आरोपियों के खिलाफ आईपीसी की धारा के तहत मामला दर्ज किया गया है। इस मामले में विमानतल पुलिस अधिक जांच कर रही है।

# अक्षरधाम हमलाः आरोपी मोहम्मद फारूक अरेस्ट

**अहमदाबाद,** गुजरात के गांधीनगर स्थित अक्षरधाम मंदिर में २४ सितंबर २००२ को हुए आतंकी हमले के आरोपी मोहम्मद फारूक शेख को गिरफ्तार कर लिया गया है। सोमवार को अहमदाबाद क्राइम ब्रांच ने मोहम्मद फारूक को गिरफ्तार किया। बता दें कि अक्षरधाम मंदिर पर हुए आतंकी हमले में ३२ लोग मारे गए थे।



गौरतलब है कि अक्षरधाम मंदिर पर हुए आतंकवादी हमले के तीन दोषियों को गुजरात हाई कोर्ट ने मौत की सजा सुना दी थी। हमले में एनएसजी कमांडो ने दो आतंकवादियों को मार गिराया था। इन आतंकियों के संबंध लश्कर-ए-तैयबा से पाए गए थे। सूत्रों के मुताबिक पुलिस की गिरफ्त में आया फारूक हमले के बाद से ही दूसरे देश में छिपा हुआ था।

लंबे समय से फरार चल रहे फारूक को पकड़ने के लिए अहमदाबाद क्राइम ब्रांच प्रयास कर रही थी। सोमवार को फारूक को अहमदाबाद एयरपोर्ट पर दबोच लिया गया। २४ सितंबर २००२ को हथियारों से लैस आतंकियों ने फायरिंग करते हुए श्रद्धालुओं को निशाना बनाया था। इस हमले में ३२ श्रद्धालुओं के साथ ही ३ सुरक्षाकर्मियों को भी जान गंवानी पड़ी थी।

# अंडा चोर गैंग को क्राइम ब्रांच ने दबोचा, १.१६ लाख रुपये के अंडे बरामद

**उल्हासनगर :** कर्नाटक से महाराष्ट्र के अंबरनाथ में अंडे लेकर आए ट्रक चुरानेवाले गैंग का पर्दाफाश हुआ है। उल्हासनगर क्राइम ब्रांच ने इस मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से पुलिस ने अंडों से भरा ट्रक बरामद कर लिया है।कर्नाटक से ४४ साल के मोहम्मद शेख अंडों से भरा ट्रक लेकर अंबरनाथ आ रहे थे। अंबरनाथ में १८ तारीख को देर रात ४ लुटोरों ने उनका ट्रक रोका और उनसे मारपीट कर अंडों से भरा ट्रक लेकर भाग निकले। इस घटना के बाद आरोपियों ने ट्रक चालक मोहम्मद शेख और उनके बेटे के चेहरे पर पट्टी बांध अनजान जगह छोड़ दिया। सोना, रुपये, गाड़ी चोरी की वारदात आजतक सुनी थी, मगर अंडों की चोरी सामने आने से सब चौंक गए। शिकायत दर्ज होते ही पुलिस ने तीन टीम बनाकर जांच शुरू कर दी। पुलिस जांच में सादात नाम के एक शख्स का हाथ सामने आया है। पुलिस ने उसे हिरासत में लेकर पूछताछ की। बताया जा रहा है कि सादात ने पूछताछ के दौरान पुलिस के सामने अपना जुर्म कबूल कर लिया और अपने साथी का भी नाम बताया। उससे मिली जानकारी के आधार पर पुलिस ने सादात और उसके साथी रवीश को गिरफ्तार कर लिया। इस मामले में दो अन्य आरोपी फरार हैं।



सादात ने पूछताछ के दौरान बताया कि उसने कर्ज के चलते इस वारदात को अंजाम दिया। पुलिस ने सादात के पास से एक कार बरामद की है, जो उसने चोरी के वक्त इस्तेमाल की थी। साथ ही चोरी किया हुआ ट्रक, जिसकी किमत ५,००,००० रुपये है और १,१६,००० रुपये के अंडे भी बरामद किए हैं।

# टीवी पर फिल्म देख एक्ट दोहराना पड़ा महंगा, फंदे से लटककर गई जान

**औरंगाबाद :** महाराष्ट्र के औरंगाबाद में चौथी कक्षा में पढने वाले ११ साल के एक छात्र की उसके ही घर में पंखे के सहारे फंदे से लटकने से जान चली गई। माना जा रहा है कि उसने टीवी पर कोई फिल्म देखकर उसी एक्ट को दोहराने की कोशिश की और इसी क्रम में उसकी जान चली गई। बताया जा रहा है कि उस वक्त वह घर में अकेला था।यह घटना औरंगाबाद के वालूज परिसर के सिडको महानगर १ की है, जहां बीते सप्ताह छात्र की जान फिल्म का एक्ट दोहरान की कोशिश में चली गई। 'लोकसत्ता' समाचार-पत्र के अनुसार, उसने दुपट्टे से फंदा बनाया और पंखे से लटक गया। शुरुआती जांच में पुलिस ने पाया है कि जिस वक्त छात्र ने वारदात को अंजाम दिया, घर में टीवी पर कोई फिल्म चल रही थी। इसे देखकर ही संभवत: उसने एक्ट को दोहराने की कोशिश की, जिसमें उसकी मौत हो गई।पीड़ित का नाम विकास पवार बताया जा रहा है। उसके परिवार में दो बहनें भी हैं, जो उस दिन सुबह स्कूल गई हुई थीं, जबकि विकास के माता-पिता नजदीक के ही एमआईडीसी में काम पर जाते हैं। बताया जाता है कि बहनें स्कूल चली गई थीं, जबकि माता-पिता काम पर निकल गए थे। इसी दौरान छात्र ने टीवी पर कोई मूवी देखकर एक्ट दोहराने की कोशिश में दुपट्टे से फांसी का फंदा बनाकर एक्ट दोहराने की कोशिश की, जिसमें उसकी जान चली गई।पीड़ित का नाम विकास पवार बताया जा रहा है। उसके परिवार में दो बहनें भी हैं, जो उस दिन सुबह स्कूल गई हुई थीं, जबकि विकास के माता-पिता नजदीक के ही एमआईडीसी में काम पर जाते हैं। बताया जाता है कि बहनें स्कूल चली गई थीं, जबकि माता-पिता काम पर निकल गए थे। इसी दौरान छात्र ने टीवी पर कोई मूवी देखकर एक्ट दोहराने की कोशिश में दुपट्टे से फांसी का फंदा बनाकर एक्ट दोहराने की कोशिश की, जिसमें उसकी जान चली गई।



# 26/11 MUMBAI TERROR ATTACK: मिलिए मुंबई हमले के कुछ जाने, कुछ अनजाने हीरो से

**शाईस्ता शेख**

**26/11 Mumbai Terror Attack:** देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में २६ नवंबर २००८ को आतंकियों ने खून की होली खेली थी. इस घटना को करीब एक अरसा बीतेने जा रहा है. लेकिन इस घटना को याद कर लोगों की रुख आज भी कांप जाती है कि किस तरह पाकिस्तान (Pakistan) से अपने नापाक मंसूबों को लेकर भारत (India) आए १० आतंकियों ने दो दिन तक खून की होली खेली. जिसमे १६० से अधिक लोग मारे गए और ३०० से ज्यादा घायल हुए थे. इस आतंकी घटना में और लोगों की जाने जा सकती थी. लेकिन उन बहादूर जवानों और पुलिस (Police) वाले और कुछ अन्य ऐसे लोगों ने अपनी जान की बाजी लगाकर इस घटना को रोकने की कोशश की नहीं तो यह आतंकी हमला और ही भयावह हो सकता था.




मुंबई (26/11 Mumbai Terror Attack 2008) की काली वह रात जब आतंकियों ने समुद्र के रास्ते मुंबई में घुसने के बाद खून की होली खेलने लगे. जिसकी खबर पुलिस के आला अधिकारीयों को लगने के बाद इन आला अधिकारीयों में एन्काउंटर स्पेशलिस्ट विजय सालस्कर, एसीपी अशोक कामटे, एटीएस प्रमुख हेमंत करकरे अपनी जान की परवाह ना करते हुए मुंबई की तरह रवाना हुए. ये सभी अधिकारी सीएसटी कामा हॉस्पिटल (Cama Hospital) के पास खड़े होकर हमला रोकने के लिए प्लानिंग कर ही रहे थे कि अचानक से अजमल कसाब और उसका एक साथी इन अधिकारीयों पर आधा-धुंध फायरिंग करके मुंबई पुलिस के इन जाबांज पुलिस के जवानों को मार दिया. जिसके बाद इन लोगों ने पुलिस वालों की गाड़ी को लेकर राज भवन की तरह लेकर निकल पड़े.

### हवलदार तुकाराम ओम्बले कसाब को जिंदा पकड़ा

ये दोनों आतंकी राज भवन की तरह निकले ही थे कंट्रोल रूम से इसकी खबर लगने के बाद हवलदार तुकाराम ओम्बले (Tukaram Omble) अपने साथियों के साथ गिरगांव चौपटी पर नामा बंदी कर दिया. कसाब की गाड़ी वहां पहुंचते ही तुकाराम ओम्बले गाड़ी के पास जा धमके. जिसके बाद उन्होंने कसाब को जिंदा पकड़ा लेकिन हवल्दार तुकाराम ओम्बले को शहीद होना पड़ा. हालंकि पुलिस के जवानों ने गाड़ी चला रहे कसाब के साथी को मार गिराया था.

### राकेश मारिया ने संभाली पुलिस कंट्रोल रूम की कमान

मुंबई आतंकी हमला को रोकने और लोगों की जाना बचाने में पुलिस और जवानों के साथ-साथ यदि किसी का कोई बड़ा रोल रहा है तो वह जांबाज जवान पुलिस ऑफिसर राकेश मारिया (Rakesh Maria) का, वे घटना स्थल पर नहीं मौजूद थे. लेकिन कंट्रोल रूम में बैठकर आतंकियों के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए जानकारी पुलिस और जवानों को पल- पल की खबर दे रहे थे. ऐसा कहा जाता है कि यदि राकेश मारिया कंट्रोल रूम (Control Room) में बैठकर पुलिस वालों को आतंकी कहां- कहां छुपे है यदि जानकारी नहीं देते तो पुलिस के साथ-साथ आम मुंबईकरो की और भी जानें जा सकती थी.

### NSG कमांडो का अहम रोल

२६ नवंबर की रात आतंकियों से खुद पुलिस के जवान लोहा ले रहे थे. लेकिन राज्य सरकार को जब लगा कि पुलिस इन आतंकियों से लोहा नहीं ले पा रही है. इसके दूसरे दिन एनएसजी (न्एड) के कमांडों ने मोर्चा संभाला. आतंकवादी बंधकों को मारते जा रहे थे और होटल में ग्रेनेड का इस्तेमाल कर रहे थे. एनएसजी कमांडो गजेंद्र सिंह बिष्ट और मेजर संदीप उन्नीकृष्णन को इन आंतकियों से सीधे इनकाउंटर में शहीद होना पड़ा, लेकिन इनके चलते ही ताज होटल को हमलावरों से छुड़वाया जा सका.

### डॉग स्क्वॉड

मुंबई आतंकी हमले के दौरान जहां हमारे जांबाज उन आतंकियों से लोहा ले रहे थे तो मैक्स सीजर, टाइगर और सुल्तान नाम के इन चार कुत्तों ने ८ किलो आरडीएक्स (RDX), २५ ग्रेनेड, चार डेटोनेटर और दूसरे हथियार बरामद करवाए, जिनकी वजह से कई जानें बचीं. सरकार ने इन तीनों को इसके लिए गोल्ड मेडल भी दिया। इनमें से मैक्स सबसे उम्रदराज होने के चलते उसकी २०१६ में मौत हो गई वहीं तीनों मुंबई के एक कैनल में अपना रिटायरमेंट गुजार रहे हैं.

### कैप्टन रवि धर्निधिरका

मुंबई आतंकी हमले में ज्यादातर लोगों के बारे में लोगों को मालूम है कि उनके कोशिशों के चलते सैकड़ों लोगों की जान बचाई गई. लेकिन इनमे कुछ ऐसे नाम है जिनके बारे में बहुत कम लोग को ही मालूम है. तो वे है कैप्टन रवि धर्निधिरका जिन्होंने ताज होटल (Hotel Taj) में १५७ लोगों की जान बचाई थी. यूएस मरीन में कैप्टन रहे धर्निधिरका हमले के वक्त ताज के अंदर एक रेस्टोरेंट में थे. उन्होंने पहले खुद हमलावरों से मुकाबला करना चाहते थे लेकिन आतंकियों के हथियारों के खतरे को देखते हूए उन्होंने बंधकों को सुरक्षित बाहर निकालने का फैसला किया. जिसके बाद जलते हुए होटल की २०वीं मंजिल से १५७ लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला इनके इस काम में मदद दक्षिण अफ्रीका के दो पूर्व कमांडो ने भी की थी.

# रेप कर १४ साल की छात्रा को उतारा मौत के घाट, फिर शव के साथ किया बलात्कार

**लंदनः** इंग्लैंड में एक बलात्कार के केस की सुनवाई के दौरान बेहद चौंकाने वाली जानकारी सामने आई। मामला १६ वर्षीय लड़के द्वारा एक १४ वर्षीय छात्रा को बलात्कार के बाद मौत के घाट उतारने का था। सुनावई के वक्त कोर्ट को बताया गया कि आरोपी ने छात्रा की बलात्कार के बाद किसी भारी जीच से हत्या कर दी। इतना ही आरोपी ने घिनौनी करतूत को लड़की की के शव साथ भी भी अंजाम दिया।



घटना इसी साल १३ अप्रैल की है। पीड़िता का नाम विक्टोरिजा सोकोलोवा था। लिथुआनिया की रहने वाली विक्टोरिजा लंदन में रहती थी और वह वॉल्वरहैम्प्टन के वेस्ट पार्क में मृत पाई गई थी। आरोपी को सोमवार को वॉल्वरहैम्प्टन क्राउन कोर्ट में ट्रायल का सामना करना पड़ा था। विक्टोरिजा का परिवार उसकी मौत से गहरे दुख में है। परिवार विक्टोरिजा को घर की 'छोटे परी' मानता था।

विक्टोरिजा की पोस्टमार्टम रिपोर्ट में पता चला कि उसके सिर पर कोई भारी चीज मारकर हत्या की गई थी। साथ ही ये भी मालूम चला कि विक्टोरिजा के साथ हत्या से पहले और बाद में बलात्कार किया गया था। कोर्ट को सूचित किया गया कि आरोपी ने विक्टोरिजा के साथ बलात्कार और उसकी हत्या की थी। आरोपी ने सभी आरोपों का खंडन किया है।

# बिहार में छपरा रेलवे स्टेशन से मिले ५० नरकंकाल, भूटान ले जाने की थी योजना




**छपरा :** बिहार के छपरा रेलवे स्टेशन से बड़ी संख्या में नरकंकाल और मानव खोपड़ियां बरामद की गई हैं। पुलिस ने इस सिलसिले में एक शख्स को हिरासत में लिया है। उसके पास से कई बैंकों के एटीएम और भूटानी मुद्रा सहित अन?य सामग्रियां भी बरामद की गई हैं। शुरुआती जांच के मुताबिक, इस मामले में गिरफ्तार शख्स की योजना पश्चिम बंगाल के रास्ते भूटान जाने की थी।

पुलिस उपाधीक्षक (रेलवे) तनवीर अहमद ने मंगलवार को बताया कि नरकंकाल और मानव खोपड़ियों की तस्करी के आरोप में राजकीय रेल पुलिस (GRP) की टीम ने पूर्वी चम्पारण जिले के निवासी संजय प्रसाद (२९) को बलिया-सियालदह एक्सप्रेस से हिरासत में लिया। उसके पास से ३४ नरकंकाल और १६ मानव खोपड़ियां बरामद की गईं। साथ ही भूटानी मुद्रा, विभिन्न देशों के बैंकों के एटीएम कार्ड और एक विदेशी सिम कार्ड भी बरामद किया गया।

पूछताछ के दौरान आरोपी ने बताया कि उसने उत्तर प्रदेश के बलिया से इन नरकंकालों को खरीदा था और उसकी योजना पश्चिम बंगाल के जलपाईगुड़ी होते हुए भूटान जाने की थी। पुलिस ने अंदेशा जताया है कि आरोपी शख्स भूटान में तांत्रिकों को नरकंकाल की आपूर्ति करने वाले गिरोह का हिस्सा हो सकता है। पुलिस इस पहलू से भी मामले की जांच कर रही है और गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश में जुटी है।

# पुलिस हेडक्वार्टर से ACP प्रेम बल्लभ ने १०वीं मंजिल से कूदकर की आत्महत्या, जांच जारी





राजधानी दिल्ली में पुलिस के एक अधिकारी ने आत्महत्या कर ली. खबरों के मुताबिक एसीपी प्रेम बल्लभ (५५ साल) ने दिल्ली पुलिस मुख्यालय के १०वीं मंजिल से कूदकर आत्महत्या कर ली. फिलहाल अभी तक आत्महत्या क्यों की उसके पीछे क्या वजह थी अब तक स्पष्ट नहीं हो पाया है. वहीं पुलिस मामले की जांच में जुट गई है.

शुरूवाती जानकारी के मुताबिक प्रेम अपने दफ्तर में तकरीबन ९ बजे पहुंचे थे और १० बजे उन्होंने आत्महत्या कर ली. पुलिस ने अभी तक इस बारे में कोई बयान जारी नहीं किया है. बिल्डिंग से छलांग लगाने के बाद उन्हें गंभीर हालत में अस्पताल ले जाया गया. जहां डॉक्टरों ने एसीपी को मृत घोषित कर दिया.

गौरतलब हो कि कुछ महीने पहले बलिया के रहने वाले २०१४ बैच के आईपीएस अफसर सुरेंद्र दास जो कानपुर में एसपी (सिटी) पूर्वी के पद पर तैनात थे. उन्होंने सुबह कैंट स्थित अपने सरकारी आवास में जहर खा लिया था. जिसके बाद सर्वोदय नगर के रीजेंसी अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां आईपीएस सुरेंद्र की रविवार को मौत हो गई थी.

मॉडल, कलाकार, हेल्पर की जरूरत है

CINE, T. V. ARTISTS AND WORKERS ASSOCIATION (REGD.)



अच्छे मियाँ

कार्ड भी बनाकर दिया जाएगा... कार्ड की कीमत २५००/-

(Regd. No. A.L.C. -17-10174 Under Trade Union Act, 1926 With Government of Maharashtra)
Heena Arcade,Shop No16, S. V. Road, Jogeshwari (W), Mumbai-102
Tel. : 022-66989738 - 9220541108/ 08433238738

New Huma Caterers®

Jogeshwari

★ We Have No Branch ★

Mohd. Salim
9820710325 / 9967865102
9867868339 / 26790046

: Address :
Shop No. 1, Old Ghaswala Stable,
Next to Syndicate Bank, S.V. Road,
Jogeshwari (W), Mumbai - 400 102.

Web.: www.newhumacaterers.com
E-mail : newhumacaterers@gmail.com

मालिक, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक - असगर अमीन शाह द्वारा सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, गाला नं. 3-4 अमीन इंड. इस्टेट, सोनावाला क्रॉस रोड नं.2, जवाहर नगर फाटक ब्रिज के पास, गोरेगांव ( पूर्व ), मुंबई-400063 से मुद्रित कर रुम नं. जी-16, अमीन पारसी चाल, एस. वी. रोड, जोगेश्वरी ( पश्चिम ), मुंबई-400102 से प्रकाशित संपादक-असगर अमीन शाह